**दिनांक–29.08.2024 को श्री दीपक कुमार सिंह, भा0प्र0से0, अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त की जिलावार प्रगति की मासिक समीक्षात्मक बैठक में की गई समीक्षात्मक बैठक के मुख्य बिन्दु एवं निदेश।**

**उपस्थितिः**– यथा संधारित।

दिनांक–29.08.2024 को राज्य के सभी जिलों में चल रहे विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य के प्रगति की समीक्षा अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में की गई।

श्री जय सिंह, भा0प्र0से0, सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग–सह–निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना, संबंधित जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारी एवं सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) की उपस्थिति में की गई जिलावार प्रगति एवं तुलनात्मक प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा उपरान्त जिलास्तरीय प्रगति एवं समीक्षोपरान्त दिए गए निदेश निम्नवत् हैं–

1. **प्रथम चरण अन्तर्गत 2500 खेसरों तक वाले राजस्व ग्रामों में प्रारूप अधिकार अभिलेख के प्रकाशन की समीक्षाः** – बैठक में सर्वप्रथम प्रथम चरण अन्तर्गत 4927 राजस्व ग्रामों में प्रारूप अधिकार अभिलेख एवं मानचित्र के प्रकाशन की समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि विगत एक वर्ष में समीक्षात्मक बैठकों में दिए जा रहे निरन्तर निदेशों के बावजूद अब तक 04 जिलों द्वारा 108 राजस्व ग्रामों का प्रारूप अधिकार अभिलेख प्रकाशित नहीं किया गया है। इन जिलों में सर्वाधिक राजस्व ग्रामों की संख्या किशनगंज में पाई गई। उपर्युक्त 04 जिलों में चल रहे प्रक्रमवार प्रगति की स्थिति निम्नवत् पाई गईः–

**2500 खेसरा तक वाले राजस्व ग्राम में प्रक्रमवार प्रगति**

| क्र0 सं0 | जिला | कुल राजस्व ग्राम | प्रारूप प्रकाशन | अवशेष | खानापुरी | प्रपत्र–6 इंट्री | एल0पी0 एम0 लंबित | एल0पी0 एम0 वितरण के पश्चात् सुनवाई | विश्रांति के लिए लंबित राजस्व ग्राम | Map Updation के लिए लंबित | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अररिया | 85 | 80 | 5 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 2 | बेगूसराय | 296 | 277 | 19 | 5 | 3 | 0 | 9 | 1 | 1 | |
| 3 | खगड़िया | 79 | 77 | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 4 | किशनगंज | 284 | 202 | 82 | 0 | 49 | 14 | 8 | 6 | 5 | |
| | कुल | 744 | 636 | 108 | 10 | 52 | 14 | 17 | 7 | 6 | |

2500 खेसरों तक वाले राजस्व ग्रामों के सम्बन्ध में अररिया के बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि 2500 खेसरा तक वाले सभी राजस्व ग्रामों का मानचित्र प्रतिबंधित क्षेत्र अन्तर्गत था, जिस कारण HRSI तकनीक से तैयार मानचित्रों को एजेंसी द्वारा विलंब से उपलब्ध कराया गया था। इन सारे ग्रामों में खानापुरी का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। बेगूसराय द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि 293 ग्रामों में खानापुरी की जा चुकी है एवं केवल वैसे ही ग्रामों में कार्य बाधित हो रहा है, जहाँ NHAI एवं रेलवे की भूमि है और रैयतों द्वारा स्वामित्व सम्बन्धी साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। किशनगंज द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि केवल केवल बड़े–बड़े ग्रामों में खानापुरी का कार्य लंबित है और 49 ग्रामों में प्रपत्र–6 की इन्ट्री का कार्य प्रगति पर है। खगड़िया द्वारा बताया गया कि दो राजस्व ग्रामों सर्वस्ता खतियान होने के कारण सर्वे की प्रगति बाधित है।

समीक्षोपरान्त निदेश दिया गया कि 2500 खेसरा तक वाले जिन राजस्व ग्रामों में विभिन्न कारणों से पूर्णतया कार्य बाधित है और खानापुरी पूर्ण करना संभव नहीं हो पा रहा है, वहाँ के कार्य को पूर्णतया स्थगित करते हुए उक्त ग्राम को प्रथम चरण की सूची से हटाकर अलग सूची बनाकर संधारित कर ली जाए प्रपत्र–6 की इन्ट्री के बारे में निदेशित किया गया कि इन्ट्री कार्य की प्रतिदिन समीक्षा की जाए एवं प्रतिदिन 70–80 इन्ट्री का कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए। किशनगंज जिले को निदेशित किा गया कि अक्टूबर के प्रथम सप्ताह तक सभी 2500 खेसरों तक वाले राजस्व ग्रामों में प्रारूप अधिकार अभिलेख का प्रकाशन सुनिश्चित किया जाए।

**2500 खेसरा तक विशेष् सर्वेक्षण प्रक्रमवार राजस्व ग्रामों की स्थिति**

| क्र0 सं0 | जिला | कुल राजस्व ग्राम | प्रारूप प्रकाशन | अवशेष | खानापुरी | प्रपत्र –6 इंट्री | एल0पी0 एम0 लंबित | एल0पी0 एम0 वितरण के पश्चात् सुनवाई | विश्रांति के लिए लंबित राजस्व ग्राम | Map Updation के लिए लंबित | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अररिया | 85 | 80 | 5 | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 2 | बेगूसराय | 296 | 277 | 19 | 5 | 3 | 0 | 9 | 1 | 1 | |
| 3 | खगड़िया | 79 | 77 | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 4 | किशनगंज | 284 | 202 | 82 | 0 | 49 | 14 | 8 | 6 | 5 | |
| | कुल | 744 | 636 | 108 | 10 | 52 | 14 | 17 | 7 | 6 | |

**2. <u>2500 से 5000 तक खेसरों वाले राजस्व ग्रामों की प्रगति की समीक्षा</u>:–** समीक्षा के क्रम में जिलों से प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में प्रगति निम्नवत पाई गईः–

**2501 से 5000 खेसरा तक विशेष् सर्वेक्षण प्रक्रमवार राजस्व ग्रामों की स्थिति**

| क्र० सं० | जिला | कुल राजस्व ग्राम | प्रारूप प्रकाशन | अवशेष | खानापुरी | | | प्रपत्र – 6 इंट्री प्रक्रियाधीन ग्रामों की संख्या | एल०पी०एम० | | सुनवाई | | नक्शा लंबित | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | वैसे राजस्व ग्राम जहां खानापुरी शुरू नहीं हुआ | खानापुरी कार्य चल रहा है। | खानापुरी पूर्ण परंतु प्रपत्र – 6 इन्ट्री शुरू नहीं हुआ है। | | एल०पी० एम० लंबित | एल०पी० एम० वितरित | राजस्व ग्राम जहाँ सुनवाई चल रही है। | सुनवाई पूर्ण राजस्व ग्रामों की संख्या | | |
| 1 | अररिया | 32 | 12 | 20 | 1 | 0 | 0 | 8 | 1 | 0 | 9 | 0 | 2 | |
| 2 | अरवल | 88 | 18 | 70 | 1 | 1 | 11 | 15 | 7 | 6 | 17 | 12 | 0 | |
| 3 | बांका | 59 | 28 | 31 | 0 | 0 | 4 | 12 | 5 | 0 | 9 | 1 | 0 | |
| 4 | बेगूसराय | 67 | 16 | 51 | 7 | 7 | 1 | 20 | 4 | 0 | 4 | 7 | 0 | |
| 5 | जमुई | 30 | 11 | 19 | खानापुरी कार्य चल रहा है। | | | | | | | | | |
| 6 | जहानाबाद | 56 | 36 | 20 | 0 | 1 | 0 | 2 | 0 | 0 | 8 | 6 | 3 | |
| 7 | कटिहार | 34 | 33 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | |
| 8 | खगडिया | 45 | 13 | 32 | 0 | 0 | 3 | 9 | 3 | 1 | 14 | 2 | 0 | |
| 9 | किशनगंज | 97 | 0 | 97 | 0 | 4 | 59 | 32 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | |
| 10 | लखीसराय | 85 | 27 | 58 | 0 | 1 | 0 | 48 | 0 | 0 | 0 | 8 | 0 | |
| 11 | मधेपुरा | 18 | 1 | 17 | 0 | 0 | 0 | 8 | 3 | 0 | 4 | 2 | .0 | |
| 12 | मुंगेर | 33 | 31 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | |
| 13 | नालंदा | 102 | 98 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 | |
| 14 | सहरसा | 45 | 14 | 31 | 0 | 0 | 0 | 20 | 1 | 5 | 0 | 1 | 4 | |
| 15 | शिवहर | 25 | 20 | 5 | 0 | 0 | 1 | 2 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | |
| 16 | सीतामढी | 106 | 24 | 82 | 0 | 4 | 0 | 53 | 0 | 0 | 15 | 8 | 2 | |
| 17 | सुपौल | 59 | 46 | 13 | 0 | 0 | 4 | 5 | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | |
| 18 | प० चम्पारण | 63 | 19 | 44 | 0 | 0 | 2 | 8 | 12 | 3 | 2 | 17 | 0 | |
| | कुल | 1044 | 447 | 597 | 9 | 18 | 85 | 242 | 40 | 15 | 87 | 68 | 11 | |

| 5000 से अधिक खेसरा तक विशेष सर्वेक्षण प्रक्रमवार राजस्व ग्रामों की स्थिति | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र०सं० | जिला | कुल राजस्व ग्राम | प्रारूप प्रकाशन | अवशेष | खानापुरी | | | | एल०पी०एम० | | सुनवाई | | | अभ्युक्ति |
| | | | | | वैसे राजस्व ग्राम जहां खानापुरी शुरू नहीं हुआ | खानापुरी कार्य चल रहा है। | खानापुरी पूर्ण परंतु प्रपत्र . 6 इन्ट्री शुरू नहीं हुआ है। | प्रपत्र . 6 इंट्री प्रक्रियाधीन ग्रामों की संख्या | एल०पी० एम० लंबित | एल०पी० एम० वितरित | राजस्व ग्राम जहाँ सुनवाई चल रही है। | सुनवाई पूर्ण राजस्व ग्रामों की संख्या | नक्शा लंबित | |
| 1 | अररिया | 39 | 0 | 39 | 1 | 4 | 0 | 24 | 2 | 0 | 2 | 0 | 6 | |
| 2 | अरवल | 58 | 0 | 58 | 0 | 29 | 18 | 6 | 2 | 0 | 1 | 2 | 0 | |
| 3 | बांका | 44 | 2 | 42 | 0 | 12 | 21 | 6 | 0 | 0 | 3 | 0 | 0 | |
| 4 | बेगूसराय | 75 | 2 | 73 | 2 | 53 | 1 | 11 | 4 | 0 | 2 | 0 | | |
| 5 | जमुई | 56 | 0 | 56 | खानापुरी कार्य चल रहा है। | | | | | | | | | |
| 6 | जहानाबाद | 25 | 3 | 22 | 0 | 5 | 0 | 10 | 5 | 0 | 2 | 0 | 0 | |
| 7 | कटिहार | 17 | 6 | 11 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 0 | 2 | 6 प्रारूप प्रकाशन हेतु लंबित |
| 8 | खगडिया | 33 | 0 | 33 | 0 | 4 | 8 | 14 | 0 | 1 | 6 | 0 | 0 | |
| 9 | किशनगंज | 73 | 0 | 73 | 0 | 16 | 56 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 10 | लखीसराय | 59 | 0 | 59 | 6 | 16 | 0 | 38 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 11 | मधेपुरा | 35 | 0 | 35 | 0 | 29 | 2 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 12 | मुंगेर | 8 | 1 | 7 | 0 | 1 | 0 | 4 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | |
| 13 | नालंदा | 77 | 3 | 74 | 0 | 1 | 0 | 54 | 14 | 0 | 2 | 1 | 2 | |
| 14 | पूर्णियाँ | 13 | 0 | 13 | 0 | 0 | 1 | 4 | 3 | 2 | 2 | 1 | 0 | |
| 15 | सहरसा | 35 | 0 | 35 | 0 | 8 | 0 | 23 | 0 | 3 | 1 | 0 | 0 | |
| 16 | शेखपुरा | 60 | 36 | 24 | 0 | 0 | 0 | 12 | 0 | 0 | 7 | 5 | 0 | |
| 17 | शिवहर | 24 | 1 | 23 | 0 | 4 | 11 | 8 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | |
| 18 | सीतामढी | 57 | 1 | 56 | 0 | 34 | 0 | 17 | 0 | 0 | 5 | 0 | 0 | |
| 19 | सुपौल | 111 | 9 | 102 | 0 | 46 | 38 | 7 | 3 | 0 | 7 | 1 | 0 | |
| 20 | प० चम्पारण | 66 | 0 | 66 | 0 | 15 | 33 | 10 | 3 | 3 | 1 | 1 | 0 | |
| | कुल | 965 | 64 | 901 | 9 | 277 | 189 | 253 | 36 | 9 | 46 | 11 | 10 | |

उपरोक्त समीक्षा के आधार पर प्रक्रमवार किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा की गई जो निम्नवत हैं–

(A) <u>उन ग्रामों की समीक्षा जहाँ खानापुरी प्रारंभ नहीं की गई है:</u>– उपरोक्त समीक्षा में पाया गया कि 2500 से 5000 खेसरा तक वाले राजस्व ग्रामों में प्रक्रमवार प्रगति में सर्वाधिक बेगूसराय में 07 राजस्व ग्रामों में खानापुरी का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, जबकि अररिया एवं अरवल के एक–एक ग्राम में खानापुरी प्रारंभ नहीं की गई है। इस क्रम में बेगूसराय के बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि 07 ग्रामों में से 03 ग्रामों का खतियान एवं मानचित्र दोनों अनुपलब्ध है, जबकि 04 राजस्व ग्रामों का विगत खतियान उपलब्ध नहीं है, अररिया के बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि जिस ग्राम में खानापुरी प्रारंभ नहीं की गई है वह नगर–निकाय अन्तर्गत है। अरवल के बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि एक ग्राम में खतियान एवं मानचित्र दोनों के अनुपलब्ध रहने के कारण खानापुरी प्रारंभ नहीं की जा सकी है।

**(B) खानापुरी प्रारंभ ग्रामों की समीक्षाः**— 2500 से 5000 खेसरा वाले राजस्व ग्रामों में खानापुरी चल रहे 18 राजस्व ग्रामों के सम्बन्ध में सीतामढ़ी द्वारा 04 एवं जहानाबाद द्वारा 01 राजस्व ग्राम में खानापुरी पूर्ण होने के सम्बन्ध में बताया गया, जबकि किशनगंज द्वारा 15 दिन में, बेगूसराय द्वारा एक सप्ताह में कार्य पूर्ण होने का प्रतिवेदन दिया गया। लखीसराय के बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि एक राजस्व ग्राम का मानचित्र उपलब्ध नहीं रहने के कारण बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना में मानचित्र भेजा गया है, जिसे सत्यापन हेतु गुलजारबाग द्वारा वापस किया गया है। सीतामढ़ी के बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि हवाई सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा मानचित्रों को अपडेट करने में काफी विलंब किया जा रहा है। इस आलोक में एजेंसी द्वारा स्पष्ट किया गया कि खानापुरी मानचित्र में सम्बन्धित अमीन द्वारा मानचित्र समर्पित किए जाने के बाद भी एजेंसी के लैब में बड़ी संख्या में त्रुटियों में सुधार किया जाता है, जिस कारण समय अधिक लगता है।

निदेशित किया गया कि बन्दोबस्त कार्यालय द्वारा मानचित्र को अपडेशन के लिए एजेंसी को उपलब्ध कराए जाने से पूर्व उसकी जाँच कर एजेंसी को दिया जाए एवं एजेंसी के लैब में अमीन द्वारा मानचित्रों को सुधार की कार्रवाई नहीं की जाए। तिरहुत प्रमण्डल के नोडल पाधिकारी, श्री राजेश कुमार सिंह को सीतामढ़ी बन्दोबस्त कार्यालय द्वारा एजेंसी समर्पित वैसे ग्रामों की जाँच करने का निदेश दिया गया, जिसमें सुधारों की संख्या बहुत ज्यादा हो। सभी जिलों को निदेशित किया गया कि जो भी मानचित्र सत्यापन हेतु बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग द्वारा वापस उपलब्ध कराए जाते हैं, उनके सत्यापन कर पुनः गुलजारबाग को उपलब्ध कराया जाए ताकि मानचित्रों के डिजिटाइजेशन का कार्य यथाशीघ्र पूरा किया जा सके।

**(C) प्रपत्र–6 की प्रविष्टिः**— समीक्षा में पाया गया कि 2500–5000 खेसरा तक वाले 242 ग्रामों में तथा 5000 से अधिक खेसरा वाले 253 ग्रामों प्रपत्र–6 की इन्ट्री का कार्य किया जा रहा है, जबकि 2500–5000 खेसरा वाले 85 एवं 5000 खेसरा से अधिक खेसरा वाले 189 ग्रामों में प्रपत्र–6 की प्रविष्टि का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। कार्य की प्रगति की ऑनलाईन समीक्षा में पाया गया कि लगभग सभी जिलों में प्रति अमीन द्वारा 30–40 इन्ट्री से ज्यादा नहीं की जा रही है। विभिन्न जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि अमीन द्वारा प्रपत्र–6 की इन्ट्री एवं खानापुरी का कार्य एक साथ किए जाने के कारण एवं हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा मानचित्र अपडेट करने में विलंब किए जाने के कारण कार्य की गति प्रभावित हो रही है।

निदेशित किया गया कि सभी राजस्व ग्रामों में अविलंब प्रपत्र–6 की इन्ट्री का कार्य आरंभ किया जाए। प्रपत्र–6 इन्ट्री की प्रतिदिन समीक्षा कर प्रतिदिन प्रति अमीन कम–से–कम 70–80 इन्ट्री की प्रगति सुनिश्चित की जाए। सभी पदाधिकारियों को स्पष्ट कराया गया कि चूँकि पूर्व में कार्य की गति संतोषजनक नहीं रही है और अनेक ग्रमों में 03 महीने या उससे अधिक से खानापुरी एवं प्रपत्र–6 इन्ट्री का कार्य किया जा रहा है। अतः वर्त्तमान में अन्य सभी कार्यों के साथ प्रपत्र–6 की प्रविष्टि का कार्य तीव्र गति से किया जाए एवं प्रत्येक दशा में सितम्बर, 2024 तक इसे पूर्ण किया जाए।

**(C) सुनवाई कार्य की समीक्षाः**— समीक्षा में पाया गया कि प्रथम चरण अन्तर्गत 137 राजस्व ग्रामों में सुनवाई का कार्य चल रहा है, जबकि लगभग 500 ग्रामों में प्रपत्र–6 की प्रविष्टि की जा रही है, जबकि लगभग 300 ग्रामों में खानापुरी चल रही है, इस प्रकार प्रथम चरण के लगभग 1000 राजस्व ग्रामों में सुनवाई की प्रक्रिया पूरी की जानी है। पृच्छा की गई कि जिला स्तर पर सुनवाई की प्रक्रिया का अनुश्रवण किस प्रकार किया जा रहा है।

साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि खानापुरी एवं सुनवाई की प्रक्रिया जिन ग्रामों में चल रही है, वहाँ कर्मियों द्वारा लगातार कार्य करके कार्य का निष्पादन किया जा रहा है एवं सुनवाई की प्रक्रिया में अधिकतम तीन तिथियों में दावा, आपत्ति का निष्पादन किया जाए एवं प्रत्येक दिन कम–से–कम 50 से 60 खेसरों की खानापुरी पूर्ण की जाए। अपर मुख्य सचिव द्वारा सभी पदाधिकारियों को निदेशित किया गया कि जिला स्तर पर जो भी नियमित सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, कानूनगो एवं अन्य पदाधिकारी हैं, उनके द्वारा अधिक से अधिक क्षेत्रीय भ्रमण किया जाए। यह भी निदेशित किया गया कि जिन ग्रामों में 5000 अथवा उससे अधिक खेसरों की संख्या है, वहाँ के अपूर्ण कार्यों को पूरा करने में तेजी लाई जाए।

विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त की प्रक्रिया में प्रारूप खतियान के प्रकाशन उपरान्त के कार्य के सम्बन्ध में समीक्षा में पाया गया कि प्रथम चरण के कुल 4927 राजस्व ग्रामों में 929 राजस्व ग्रामों का प्रपत्र–20 में प्रकाशन किया गया है, किन्तु प्रपत्र–20 के बाद की प्रगति संतोषजनक नहीं है, बन्दोबस्त पदाधिकारी के स्तर से की जाने वाली सुनवाई की प्रगति स्पष्ट नहीं हो रही है। साथ ही अंचल स्तर पर भी नया अधिकार अभिलेख एवं मानचित्र उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। अपर मुख्य सचिव द्वारा यह भी पृच्छा की गई कि अभी तक जितने ग्रामों का प्रारूप एवं अंतिम अधिकार अभिलेख प्रकाशित किया गया है, उसमें लगभग कितनी प्रतिशत रैयती भूमि का खाता सरकार के नाम पर खोला गया है। साथ ही सर्वेक्षण की प्रक्रिया में जो भी अभिलेख एवं प्रपत्र संधारित किए गए हैं अथवा नहीं और सभी प्रक्रम के कागजातों को भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में अपलोड किया गया है अथवा नहीं। साथ ही अंतिम अधिकार अभिलेख प्रकाशित राजस्व ग्रामों के सभी कागजातों का Documentation की जाँच कर ली जाए।

प्रारूप अधिकार अभिलेख प्रकाशित ग्रामों के बारे में बताया गया कि अनेक ग्रामों का प्रपत्र–18 क लगान निर्धारण की कार्रवाई हेतु भूमि सुधार उप समाहर्त्ता के पास लंबित है, लेकिन भूमि सुधार उप समाहर्त्ताओं को लगान बन्दोबस्ती की प्रक्रिया सम्बन्धी जानकारी नहीं होने के कारण उनके स्तर से प्रपत्र–18 क के सम्बन्ध में ससमय कार्रवाई नहीं की जाती है और अंतिम अधिकार अभिलेख के प्रकाशन में विलंब होता है। यह भी प्रतिवेदित किया गया कि प्रपत्र–20 के बाद सुनवाई की प्रक्रिया में बन्दोबस्त कार्यालय में पदस्थापित नियमित सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी एवं कानूनगो द्वारा अपेक्षित सहयोग नहीं किया जाता है।

विशेष सर्वेक्षण संचालित 20 जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा रैयतों द्वारा उपलब्ध कराए जा रही भूमि के स्वामित्व सम्बन्धी साक्ष्य और विभिन्न मामलों में भ्रम एवं संशय की स्थिति के सम्बन्ध में बताया गया।

अपर मुख्य सचिव द्वारा सभी जिलों को निदेशित किया गया कि विशेष सर्वेखण के प्रथम चरण अन्तर्गत खतियान निर्माण किए जाने के क्रम में स्वामित्व निर्धारण से सम्बन्धि जो भी समस्याएँ है, उनकी सूची तैयार कर प्रस्तावित समाधान के साथ निदेशालय को अविलंब उपलब्ध कराया जाए। भूमि सुधार उप समाहर्त्ताओं को बन्दोबस्त कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रपत्र–18 क के सम्बन्ध में SMS Alert की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। साथ ही निदेशालय स्तर से भी सभी भूमि सुधार उप समाहर्त्ताओं को विशेष सर्वेक्षण की प्रक्रिया में प्रभारी पदाधिकारी के रूप में उनके दायित्त्व से अवगत कराया जाए। जिला स्तर पर बन्दोबस्त कार्यालय में जो भी नियमित सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी/कानूनगो पदस्थापित हैं, उनके दायित्त्व को निर्धारित कर स्पष्ट रूप से कार्यों को आवंटित किया जाए।

3. **विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त के द्वितीय चरण के प्रगति की समीक्षा:**— प्रथम चरण अंतर्गत विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त की प्रगति उपरान्त राज्य के शेष 445 अंचलों में प्रारंभ किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। इस क्रम में विभिन्न जिलों द्वारा नगर निकाय अन्तर्गत तथा टोपोलैण्ड एवं असर्वेक्षित ग्रामों को छोड़कर विशेष सर्वेक्षण प्रारंभ किए जाने वाले ग्रामों की संख्या, प्रपत्र—1 में की गई उद्घोषणा, R2R में सम्बद्ध ग्रामों की स्थिति, ग्राम सभा को कैलेण्डर, प्रपत्र—5 के संधारण की स्थिति इत्यादि के प्रगति की समीक्षा की गई एवं निम्नरूपेन प्रगति पाई गई:—

**विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त से संबंधित कार्य की दैनिक प्रगति प्रतिवेदन**

| क्र0 सं0 | जिला का नाम :- | कुल अंचल की संख्या :- | कुल राजस्व ग्राम की संख्या | जिले में अवस्थित राजस्व ग्राम किस प्रक्षेत्र में है | | | | | | R2R में संबद्ध राजस्व ग्रामों की स्थिति | | | | ग्राम सभा कैलेण्डर की स्थिति | | भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में प्रपत्र–5 में प्रविष्टि की स्थिति | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | नगर निकाय में अवस्थित राजस्व ग्राम की संख्या | टोपोलैण्ड अर्न्तगत राजस्व की संख्या | असर्वेक्षित राजस्व ग्राम की संख्या | कुल सर्वे प्रारंभ होने वाले राजस्व ग्रामों की संख्या | कितने राजस्व ग्राम का प्रपत्र–1 में उद्घोषणा किया गया | कितने राजस्व ग्राम का प्रपत्र–1 भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में Upload किया गया | संबंद्ध राजस्व ग्रामों की संख्या | R2R सॉफ्टवेयर में प्रदर्शित नहीं होने वाले राजस्व ग्रामों की संख्या | R2R सॉफ्टवेयर संबद्ध किये जाने वाले राजस्व ग्रामों की संख्या | R2R सॉफ्टवेयर में द्वारा प्रदर्शित होने वाले राजस्व ग्रामों की संख्या | कैलेण्डर के अनुसार कुल ग्राम सभा की संख्या | सम्पन्न हुए कुल ग्राम सभा की संख्या | कितने राजस्व ग्राम का प्रपत्र–5 में प्रविष्टि का कार्य प्रारम्भ किया गया | कितने राजस्व ग्राम का प्रपत्र–5 में प्रविष्टि पूर्ण किया गया है। |
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 1 | अररिया | 9 | 751 | 24 | 0 | 0 | 727 | 727 | 727 | 727 | 0 | 0 | 0 | 727 | 522 | 262 | 153 |
| 2 | अरवल | 5 | 335 | 23 | 0 | 0 | 312 | 312 | 312 | 312 | 0 | 0 | 0 | 312 | 312 | 312 | 312 |
| 3 | बांका | 11 | 1994 | 39 | 0 | 0 | 1953 | 1953 | 1953 | 1953 | 0 | 0 | 0 | 1953 | 1803 | 1736 | 1719 |
| 4 | बेगूसराय | 18 | 1229 | 113 | 2 | 0 | 1114 | 1114 | 114 | 114 | 0 | 0 | 0 | 1114 | 1114 | 724 | 724 |
| 5 | जमुई | 10 | 1528 | 24 | 0 | 0 | 1504 | 1504 | 1504 | 1404 | 100 | 100 | 0 | 1504 | 1504 | 530 | 298 |
| 6 | जहानाबाद | 7 | 612 | 44 | 0 | 0 | 568 | 568 | 580 | 568 | 0 | 0 | 0 | 568 | 540 | 562 | 434 |
| 7 | कटिहार | 16 | 1577 | 60 | 0 | 3 | 1514 | 1514 | 1514 | 1514 | 0 | 0 | 0 | 1514 | 1449 | 843 | 532 |
| 8 | खगडिया | 7 | 306 | 39 | 11 | 0 | 256 | 256 | 256 | 256 | 0 | 0 | 0 | 267 | 266 | 266 | 157 |
| 9 | किशनगंज | 7 | 802 | 40 | 0 | 0 | 762 | 762 | 757 | 761 | 1 | 1 | 0 | 762 | 716 | 762 | 740 |
| 10 | लखीसराय | 7 | 488 | 30 | 5 | 0 | 453 | 453 | 453 | 453 | 0 | 0 | 0 | 453 | 446 | 452 | 452 |
| 11 | मधेपुरा | 13 | 447 | 33 | 0 | 0 | 414 | 414 | 414 | 414 | 0 | 0 | 0 | 414 | 410 | 329 | 114 |
| 12 | मुंगेर | 9 | 916 | 65 | 75 | 0 | 776 | 776 | 776 | 776 | 0 | 0 | 0 | 776 | 776 | 565 | 306 |
| 13 | नालंदा | 20 | 1085 | 110 | 0 | 0 | 975 | 975 | 975 | 975 | 0 | 0 | 0 | 975 | 876 | 975 | 566 |
| 14 | पूर्णियां | 14 | 1292 | 82 | 0 | 0 | 1210 | 1210 | 1210 | 1210 | 0 | 0 | 44 | 1210 | 672 | 202 | 87 |
| 15 | सहरसा | 10 | 473 | 49 | 0 | 0 | 424 | 424 | 424 | 424 | 0 | 0 | 0 | 424 | 279 | 406 | 130 |
| 16 | शेखपुरा | 6 | 340 | 56 | 0 | 0 | 284 | 284 | 284 | 284 | 0 | 0 | 0 | 284 | 284 | 284 | 28 |
| 17 | शिवहर | 5 | 207 | 12 | 0 | 0 | 195 | 195 | 195 | 195 | 0 | 0 | 0 | 195 | 195 | 195 | 80 |
| 18 | सीतामढ़ी | 17 | 845 | 46 | 0 | 0 | 806 | 806 | 806 | 805 | 0 | 0 | 0 | 806 | 782 | 253 | 253 |
| 19 | सुपौल | 11 | 556 | 14 | 0 | 0 | 542 | 542 | 542 | 542 | 0 | 0 | 0 | 542 | 542 | 494 | 307 |
| 20 | प0 चम्पारण | 18 | 1507 | 56 | 0 | 0 | 1451 | 1451 | 1451 | 1447 | 0 | 0 | 0 | 1451 | 508 | 316 | 281 |
| 21 | रोहतास | 19 | 2101 | 143 | 0 | 0 | 1958 | 1958 | 1912 | 1912 | 46 | 46 | 0 | 1958 | 1958 | 414 | 22 |
| 22 | समस्तीपुर | 20 | 1258 | 104 | 0 | 6 | 1148 | 1148 | 1147 | 1147 | 1 | 1 | 1 | 1148 | 425 | 355 | 3 |
| 23 | मधुबनी | 21 | 1115 | 34 | 0 | 0 | 1081 | 1081 | 1002 | 1053 | 28 | 28 | 0 | 1081 | 609 | 157 | 0 |
| 24 | दरभंगा | 18 | 1315 | 81 | 0 | 0 | 1234 | 1234 | 1234 | 1234 | 0 | 0 | 0 | 1234 | 958 | 58 | 0 |
| 25 | सारण (छपरा) | 20 | 1806 | 90 | 67 | 46 | 1603 | 1603 | 1603 | 1747 | 0 | 0 | 144 | 1603 | 1444 | 110 | 1 |
| 26 | सिवान | 19 | 1535 | 64 | 0 | 23 | 1448 | 1448 | 1441 | 1447 | 1 | 1 | 0 | 1448 | 1367 | 150 | 0 |
| 27 | गोपालगंज | 14 | 1566 | 44 | 45 | 6 | 1471 | 1471 | 1471 | 1467 | 4 | 4 | 1 | 1471 | 1349 | 0 | 0 |
| 28 | भागलपुर | 16 | 1574 | 56 | 127 | 0 | 1391 | 1391 | 1391 | 1391 | 1 | 1 | 0 | 1391 | 1286 | 195 | 10 |
| 29 | पू0 चम्पारण | 27 | 1343 | 89 | 0 | 0 | 1254 | 1254 | 1219 | 1219 | 35 | 35 | 0 | 1254 | 1254 | 50 | 0 |
| 30 | पटना | 23 | 1511 | 170 | 0 | 41 | 1300 | 1300 | 1176 | 1224 | 81 | 81 | 5 | 1300 | 342 | 35 | 0 |
| 31 | बक्सर | 11 | 1142 | 35 | 0 | 0 | 1107 | 1107 | 1059 | 1107 | 0 | 0 | 0 | 1107 | 848 | 178 | 0 |
| 32 | भोजपुर | 14 | 1205 | 44 | 0 | 3 | 1158 | 1158 | 1144 | 1144 | 14 | 14 | 260 | 1158 | 690 | 213 | 0 |
| 33 | भभुआ (कैमुर) | 11 | 1700 | 20 | 0 | 0 | 1680 | 1680 | 1659 | 1680 | 27 | 27 | 27 | 1680 | 1641 | 132 | 0 |
| 34 | गया | 24 | 2921 | 99 | 0 | 0 | 2822 | 2822 | 2578 | 2610 | 212 | 212 | 0 | 2822 | 2774 | 25 | 0 |
| 35 | नवादा | 14 | 1099 | 34 | 0 | 0 | 1065 | 1065 | 1058 | 1065 | 0 | 0 | 0 | 1065 | 1002 | 15 | 0 |
| 36 | वैशाली | 16 | 1600 | 70 | 0 | 0 | 1530 | 1530 | 1495 | 1495 | 35 | 35 | 0 | 1530 | 1138 | 482 | 49 |
| 37 | औरंगाबाद | 11 | 1884 | 38 | 0 | 0 | 1846 | 1760 | 1760 | 1760 | 86 | 86 | 0 | 1848 | 1518 | 52 | 0 |
| 38 | मुजफ्फरपुर | 16 | 1827 | 140 | 0 | 0 | 1681 | 1681 | 1681 | 1681 | 2 | 2 | 0 | 1681 | 853 | 537 | 0 |
| | TOTAL | 534 | 45792 | 2314 | 332 | 128 | 43017 | 42931 | 41277 | 41517 | 674 | 674 | 482 | 43030 | 35452 | 13626 | 8014 |

**(i) ग्रामस्तरीय उद्घोषणा एवं टैगिंगः**– उक्त प्रगति के संबंध में प्रतिवेदित किया गया कि जिला स्तर पर भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में प्रदर्शित नहीं हो रहा है। समीक्षा में पाया गया कि बहुत सारे राजस्व ग्राम जो असर्वेक्षित अथवा नगरीय क्षेत्र अंतर्गत है, उनकी उद्घोषणा कर दी गई है। प्रतिवेदित किया गया कि जो ग्राम सॉफ्टवेयर में प्रदर्शित नहीं हो रहे है, उनमें कर्मियों को संचिका में ग्रामों के साथ टैग कर दिया गया है।

निदेशित किया गया कि वैसे सभी ग्राम जो सॉफ्टवेयर में प्रदर्शित नहीं हो रहे है, जिनके नाम में त्रुटि है अथवा अन्य कोई संशोधन किया जाना है, के संबंध में जिलावार सूची तैयार कर निदेशालय के आई0टी0 सेल को उपलब्ध करा दिया जाए ताकि उनका सत्यापन कर ग्रामों की सूची को सही किया जा सके। प्रत्येक शिविर में पदस्थापित सभी कर्मियों को अनिवार्य रूप से ग्रामों के साथ टैग करना सुनिश्चित किया जाए।

**(ii) ग्राम सभा एवं स्वघोषणा/वंशावली प्राप्तिः**– समीक्षा में पाया गया कि अब तक 35452 राजस्व ग्रामों में ग्राम सभा की गई है, किन्तु भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर में अब तक मात्र 18340 ग्रामों की कार्यवाही/फोटो को अपलोड किया गया है। रैयतों द्वारा समर्पित स्वघोषणा की समीक्षा में पाया गया कि अब तक 1628098 रैयतों द्वारा स्वघोषणा समर्पित की गई है और इस संख्या में प्रथम चरण अन्तर्गत 89 अंचलों के रैयतों द्वारा समर्पित भी सम्मिलित हैं। जिलों से यह भी पृच्छा की गई कि स्थानीय स्तर पर प्रचार–प्रसार के लिए माइकिंग, हैंडबिल बंटवाने आदि का कार्य किया गया है अथवा नहीं। जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा बताया गया कि विशेष सर्वेक्षण के प्रचार के लिए माइकिंग का कराया गया है एवं अंचल स्तर पर होर्डिंग इत्यादि लगाने के लिए निदेशालय स्तर से सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग को अनुरोध किए जाने की आवश्यकता है।

निदेशित किया गया कि ग्राम सभा की कार्यवाही इत्यादि को सॉफ्टवेयर में अपलोड करना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही रैयतों में अपलोड करना सुनिश्चित किया जाए। विशेष सर्वेक्षण के प्रचार–प्रसार के लिए शिविर का पता एवं शिविर प्रभारी का नाम एवं पता स्थानीय स्तर पर समाचार पत्रों आदि में प्रकाशित किया जाए।

**(iii) प्रपत्र–5 का संधारण एवं अन्यः**– समीक्षा में पाया गया कि सभी 38 जिलों में प्रथम चरण के अंचलों सहित कुल 8014 ग्रामों में प्रपत्र–5 की प्रविष्टि की गई है। नवचयनित जिलों में रोहतास जिले द्वारा सर्वाधिक 414 राजस्व ग्रामों में प्रपत्र–5 की प्रविष्टि का कार्य प्रारंभ किया गया है, जबकि गोपालगंज द्वारा एक भी ग्राम में प्रपत्र–5 की प्रविष्टि का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। रोहतास जिले के बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में लगभग 750 ग्रामों का खतियान अनुपलब्ध है और लगभग इतने ग्रामों का खतियान क्षतिग्रस्त है। कुछ बन्दोबस्त पदाधिकारियों द्वारा पृच्छा की गई कि वैसे खतियान जो आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त है अथवा स्कैन की प्रक्रिया में अपूर्ण हैं, उनके प्रपत्र–5 का संधारण किस प्रकार किया जाए।

निदेशित किया गया कि प्रत्येक जिले अन्तर्गत प्रपत्र–5 की ऑनलाईन प्रविष्टि का कार्य अविलंब प्रारंभ किया जाए तथा प्रतिदिन की प्रगति का अनुश्रवण किया जाए। सभी बन्दोबस्त पदाधिकारियों को प्रपत्र–5 की प्रविष्टि किए जाने के साथ–साथ क्षेत्रीय स्तर पर किस्तवार का कार्य प्रारंभ किए जाने की प्रक्रिया को स्पष्ट किया गया। बैठक में उपस्थित हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों को निदेशित किया गया कि उनके स्तर से पूर्व में उपलब्ध कराए गए ग्रामों के मानचित्रों की एक–एक प्रति सभी बन्दोबस्त कार्यालयों को उपलब्ध कराया जाए। उपलब्ध कराए जाने वाले मानचित्रों में मानचित्र में प्रदर्शित भू–खण्डों की रफ नम्बरिंग कर प्रत्येक मानचित्र का भूखण्डवार Area Statement भी उपलब्ध कराया जाए। नवनियोजित अमीन द्वारा मानचित्र प्राप्त होने पर मानचित्र के साथ विगत प्रचलित सर्वे (CS अथवा R.S) के मानचित्र के साथ सम्बन्धित ग्राम में जाकर ग्राम के आवासीय क्षेत्र के विशेष सर्वेक्षण मानचित्र में चिन्हित कर लिया जाए।

विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम में प्रथम एवं द्वितीय चरण अन्तर्गत किए जा रहे विभिन्न प्रक्रमों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा उपरान्त कार्य की प्रगति एवं विभिन्न प्रकार की समस्याओं के आलोक में समेकित रूप से निम्नांकित निदेश दिए गए:—

(i) विशेष सर्वेक्षण के प्रथम चरण में चयनित जिन राजस्व ग्रामों में किसी विशिष्ट समस्या यथा—खतियान/मानचित्र की अनुपलब्धता, रैयतों का विरोध, NHAI एवं रेलवे इत्यादि की भूमि, सर्वस्ता खतियान से सम्बन्धित समस्या इत्यादि के कारण कार्य बाधित है, उनकी सूची अलग से संधारित कर वर्त्तमान की सूची से अलग कर दिया जाए।

**(अनुपालन— 20 जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारी)**

(ii) जिन ग्रामों में खानापुरी का कार्य चल रहा है, वहाँ प्रतिदिन 50—60 खेसरों की खानापुरी करना सुनिश्चित किया जाए एवं प्रतिदिन कम—से—कम एक अमीन द्वारा 70—80 इन्ट्री पूर्ण की जाय।

**(अनुपालन— 20 जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारी)**

(iii) खानापुरी अपडेट मानचित्रों को एजेंसी के पास भेजने से पूर्व भलीभाँति जाँच कर ली जाय एवं एजेंसी के लैब में बैठ कर अमीनों द्वारा मानचित्रों के अपडेशन का कार्य नहीं किया जाय।

**(अनुपालन— 20 जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारी)**

(iv) सुनवाई प्रक्रम का कार्य प्रातः 10:00 बजे से प्रारंभ कर संध्या 05:00 बजे तक पूर्ण किया जाय एवं प्रत्येक दशा में तीन तिथियों में वाद का निष्पादन किया जाय।

**(अनुपालन— 20 जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारी)**

(v) प्रारूप अधिकार अभिलेख प्रकाशित राजस्व ग्रामों में अंतिम अधिकार अभिलेख प्रकाशित करने हेतु सघन अनुश्रवण करते हुए अंतिम अधिकार अभिलेख प्रकाशन के कार्य में गति लायी जाए।

**(अनुपालन— 20 जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारी)**

(vi) प्रपत्र—20 के बाद सुनवाई की प्रक्रिया को ससमय पूरा करते हुए अंचल स्तर पर खतियान एवं मानचित्र की उपलब्धता सुनिश्चित की जाय।

**(अनुपालन— 20 जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारी)**

(vii) द्वितीय चरण अंतर्गत कार्य प्रारंभ किये जाने वाले ग्रामों में दिनांक—07.09.2024 से ग्रामों में भू—खण्डों के सत्यापन का कार्य प्रारंभ किया जाय तथा हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, आई0आई0सी0 द्वारा दिनांक—09.09.2024 तक, अरहास टेक्नॉलोजी द्वारा दिनांक—07.09.2024 तक एवं जी0आई0एस0सी0 एजेंसी द्वारा दिनांक—12.09.2024 तक रफ नम्बरिंग कर सभी ग्रामों के मानचित्रों की एक—एक प्रति संबंधित बन्दोबस्त कार्यालयों को उपलब्ध करा दी जाय। हवाई सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा MoU से भिन्न अतिरिक्त आपूर्ति किये गये मानचित्रों के लिए पूर्व से निर्धारित दर के अनुसार एजेंसी द्वारा विपत्र उपस्थापित किया जाय।

**(अनुपालन— सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी एवं सभी हवाई सर्वेक्षण एजेंसी)**

(viii) सभी जिलों द्वारा संलग्न MIS कैलेण्डर के अनुसार ससमय MIS में विशेष सर्वेक्षण की प्रगति संधारित की जाय।

**(अनुपालन— सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी)**

**अनुलग्नक**— MIS कैलेण्डर

(ix) सभी शिविरों को सफाई एवं अन्य सुविधाओं के लिए प्रति माह प्रत्येक शिविर 10000/—रूपये का आवंटन उपलब्ध कराया जाए।

**(अनुपालन— प्रशाखा पदाधिकारी/बजट शाखा, भू—अभिलेख एवं परिमाप)**

(x) सरकारी विभागों की भूमि की विवरणी प्राप्त करने हेतु जिला स्तर पर समन्वय स्थापित कर विभागवार नोडल पदाधिकारियों के नियमित बैठक कर सरकारी भूमि की विवरणी प्राप्त की जाय।

**(अनुपालन— सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी)**

(xi) सभी जिलों द्वारा वैसे शिविरों/अंचलों की सूची उपलब्ध करायी जाय, जहाँ आधुनिक अभिलेखागार में शिविर स्थापित किये गये है। अंचल से अन्यत्र स्थान पर स्थापित किये गये शिविरों के स्थान के संबंध में इस बात का ध्यान रखा जाय कि शिविर अंचल के कार्य क्षेत्र के मध्य में अवस्थित हो एवं रैयतों के आवागमन हेतु अनुकूल हो।

**(अनुपालन— सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी)**

(xii) सभी जिलों में पदस्थापित कम्प्यूटर ऑपरेटर की समीक्षा करते हुए जिलावार रिक्तियों का आकलन कर पदस्थापन हेतु प्रस्ताव समर्पित किया जाय।

**(अनुपालन— स्थापना शाखा, भू—अभिलेख एवं परिमाप)**

(xiii) सभी जिलों के बन्दोबस्त पदाधिकारियों एवं निदेशालय में पदस्थापित सभी नोडल पदाधिकारी द्वारा कार्यरत विशेष सर्वेक्षण कर्मी के ऑनलाईन उपस्थिति एवं डायरी की नियमित समीक्षा की जाय।

**(अनुपालन— सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी एवं सभी नोडल पदाधिकारी, स्थापना शाखा, भू—अभिलेख एवं परिमाप)**

ह0/—
**(जय सिंह)**
निदेशक,
भू—अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू—अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**E-Mail**

**ज्ञापांक** : 17/तक0 को0—312/2018—Part-IV 13627 **पटना, दिनांक:** 05/09/2024

**प्रतिलिपिः** सभी प्रमण्डलीय आयुक्त, बिहार को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

05/09/24
**उप निदेशक—सह—**
**निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी,**
भू—अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

**ज्ञापांक** : 17/तक0 को0—312/2018—Part-IV 13627 **पटना, दिनांक:** 05/09/2024

**प्रतिलिपिः** सभी समाहर्त्ता, बिहार/सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

05/09/24
**उप निदेशक—सह—**
**निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी,**
भू—अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 17/तक0 को0–312/2018–Part-IV 13627 पटना, दिनांक: 05/09/2024

**प्रतिलिपिः** सभी प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त, बिहार/सभी सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

05/09/24
उप निदेशक–सह–
**निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 17/तक0 को0–312/2018–Part-IV 13627 **पटना, दिनांक:** 05/09/2024

**प्रतिलिपि** : हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, ARAHAS Technology Pvt. Ltd., GISC, IIC को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

05/09/24
उप निदेशक–सह–
**निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 17/तक0 को0–312/2018–Part-IV 13627 **पटना, दिनांक:** 05/09/2024

**प्रतिलिपि** : उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना/सहायक निदेशक/प्रशाखा पदाधिकारी/प्रभारी, बजट शाखा/सभी प्रमण्डल के नोडल पदाधिकारी/प्रभारी, आई0टी0 सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

05/09/24
उप निदेशक–सह–
**निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 17/तक0 को0–312/2018–Part-IV 13627 **पटना, दिनांक:** 05/09/2024

**प्रतिलिपि** : अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

05/09/24
उप निदेशक–सह–
**निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 17/तक0 को0–312/2018–Part-IV 13627 **पटना, दिनांक:** 05/09/2024

**प्रतिलिपि** : माननीय मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

05/09/24
उप निदेशक–सह–
**निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 17/तक0 को0–312/2018–Part-IV 13627 पटना, दिनांक: 05/09/2024

**प्रतिलिपि** : सुश्री सरिता कुमारी, प्रोग्रामर को बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

05/09/24
उप निदेशक–सह–
**निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

अनुलग्नक – 1

# MIS Reporting Calendar

| Sl No. | Filled By | Types of MIS | Frequency | Report Trigger Dates - Timing (1:00 PM) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1st Week | 2nd Week | 3rd Week | 4th Week |
| 1 | SETTLEMENT OFFICER MIS | District Work Progress MIS | Weekly | 5th of Every Month | 12th of Every Month | 19th of Every Month | 26th of Every Month |
| 2 | ASO HQ MIS | District Work Progress MIS | Weekly | 5th of Every Month | 12th of Every Month | 19th of Every Month | 26th of Every Month |
| 3 | Camp Visit Monitoring System | Camp Visit Report | Weekly | 5th of every present month, if not filled during the visited weeks of previous month | | | |
| 4 | SS ASO MIS | Camp Work Progress MIS | Weekly | 5th of Every Month | 12th of Every Month | 19th of Every Month | 26th of Every Month |
| | | Kistwar & Khanapuri MIS | Weekly | 5th of Every Month | 12th of Every Month | 19th of Every Month | 26th of Every Month |
| | | Public Awareness MIS | Weekly | 5th of Every Month | 12th of Every Month | 19th of Every Month | 26th of Every Month |
| | | CIMS | Monthly | 5th of every month | | | |
| 5 | SS KANOONGO MIS | Alloted Mauzas Work Progress MIS | Weekly | 5th of Every Month | 12th of Every Month | 19th of Every Month | 26th of Every Month |
| | | Kistwar & Khanapuri MIS | Weekly | 5th of Every Month | 12th of Every Month | 19th of Every Month | 26th of Every Month |
| 6 | Aerial Agency | Aerial Agency Establishment Report | Monthly | 5th of every month | | | |
| | | Aerial Agency Work Progress Report | Weekly | 5th of Every Month | 12th of Every Month | 19th of Every Month | 26th of Every Month |
| 7 | Map Selling Center (Anchal wise) | MAP Sell – MIS Report | Daily | Every working day : 1st day of month till 30/31st of present month | | | |
| 8 | SS AMIN MIS | Alloted Mauza Work Progress MIS | Weekly | 5th of Every Month | 12th of Every Month | 19th of Every Month | 26th of Every Month |

CS CamScanner